◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

# नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

UTTAR PRADESH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 19 नवम्बर 2026

राजनीति

## सांसद चंद्रशेखर आजाद का काफिला आज निकला



सांसद चंद्रशेखर आजाद जी का काफिला आज सुबह निकला। काफिले में सांसद स्वयं तथा उनके सहयोगी शामिल थे।

काफिले ने निर्धारित मार्ग पर यात्रा प्रारम्भ की।

— Pushpendra Singh

### बलिया में छोटे उद्योगों से बढ़ेगी खुशहाली, युवाओं को मिलेगा रोजगार; 300 से अधिक तरह के कारोबार शुरू करने का अवसर।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर दिया जोर, जिला उद्योग केंद्र से मिलेगी युवाओं को कारोबार की जानकारी और प्रशिक्षण। बलिया। जिले की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए छोटे उद्योगों एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की पहल की जा रही है। जिलाधिक

— ANAND KUMAR PANDEY

### कासगंज में 25 नवंबर को सजेगा भव्य धार्मिक एवं सम्मान समारोह, बाल योगी जितेंद्र दास व्यास महाराज के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

कासगंज (उत्तर प्रदेश)। नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक, परम गौभक्त एवं सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता परम पूज्य बाल योगी जितेंद्र दास व्यास महाराज का 25 नवंबर 2026 को जनपद कासगंज के आर्य नगर में शुभ आगमन होने जा रहा है। उनके आगमन को लेकर संगठन की ओर से

— Pankaj Gupta

### Mathura राजीव एकेडमी की 4 एमबीए छात्राओं का वरुण बेवरेजेज में शानदार प्लेसमेंट, गरिमा, गुनगुन, खुशी और तुलसी का हुआ चयन




Mathura राजीव एकेडमी की 4 एमबीए छात्राओं का वरुण बेवरेजेज में शानदार प्लेसमेंट, गरिमा, गुनगुन, खुशी और तुलसी का हुआ चयन

— Thakur Harendra Singh

स्वास्थ्य

### अररिया में अवैध निजी नर्सिंग होम व क्लिनिक पर जिला प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई, चार संस्थान सील



जिला पदाधिकारी विनोद दुहन के निर्देशानुसार अररिया जिले में अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया।

जोगबनी, फारबिसगंज, पलासी, जोकीहाट और अररिया शहरी क्षेत्र में गठित धावा दल ने आवश्यक निबंधन, संचालन अनुमति और स्वास्थ्य मानकों की जाँच की, जिसके परिणामस्वरूप चार संस्थानों को सील किया गया।

सील किए गए संस्थानों में अररिया शहरी क्षेत्र के अमन नर्सिंग होम, रिफा नर्सिंग होम, ड्रीम पैथो लैब तथा फारबिसगंज स्थित प्राइम नर्सिंग होम शामिल हैं।


धावा दल में अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक और प्रखंड के चिकित्सा अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने दस्तावेज़ और मानकों की विस्तृत जाँच की।

जिला प्रशासन ने कहा कि बिना वैध निबंधन एवं अनुमति के संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों से अनुरोध है कि वे केवल मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही चयन करें।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

### अपहरण और वसूली के मामलों में आरोपितों के घर 84 BNSS की नोटिस चस्पा



पूर्व सुरेरी थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह भी वसूली के मामले में आरोपित, एसआईटी ने वाराणसी में कराई मुनादी

अपहरण और वसूली के दो मामलों में जौनपुर पुलिस की एसआईटी ने बुधवार को वाराणसी में दो आरोपितों के घर धारा 84 बीएनएसएस के तहत नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। इनमें राकेश मिश्रा दोनों मामलों में आरोपित है, जबकि राजेंद्र दूबे भी वसूली के मामले में नामजद है।

सुरेरी थाने में दर्ज मामले में बड़ागांव निवासी सुशील कुमार पांडेय ने अगवा कर अवैध असलहा देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी और 1.65 लाख रुपये वसूलने का आरोप लगाया था। इसमें राजेंद्र दूबे और अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना में तत्कालीन सुरेरी थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह की भूमिका भी सामने आई। 25 हजार रुपये के इनामी दिव्य प्रकाश सिंह ने 28 सितंबर को सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।

दूसरे मामले में जलालपुर के दुकानदार विजय राजभर ने अगवा कर मारपीट करने और मोबाइल से दो लाख रुपये ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों की जांच आईपीएस सम्यक चौधरी के नेतृत्व में गठित एसआईटी कर रही है। इसमें निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला और मनोज ठाकुर शामिल हैं। शेष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की मौजूदगी में नोटिस चस्पा कर लाउड हेलर से मुनादी कराई गई।

— Surya bhan singh

अपराध

### मेडिकल कॉलेज उरई में छात्रों के बीच विवाद, धक्का-मुक्की और अभद्रता का आरोप; पुलिस अधीक्षक ने दिए सख्त कार्रवाई के संकेत




उरई (जालौन)। मेडिकल कॉलेज उरई में बुधवार, 18 नवंबर 2026 को नर्सिंग के छात्रों और मेडिकल कॉलेज के कुछ एमबीबीएस छात्रों एवं डॉक्टरों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि नर्सिंग के सेकंड लास्ट सेमेस्टर में लगभग 50 प्रतिशत छात्रों के फेल होने के संबंध में नर्सिंग के कुछ छात्र और छात्र नेता अपनी समस्या लेकर प्रिंसिपल से मिलने पहुंचे थे। एसपी के अनुसार, प्रिंसिपल द्वारा छात्रों से बातचीत की जा रही थी। इसी दौरान कुछ छात्र नेताओं और छात्रों द्वारा प्रिंसिपल के कक्ष में बहसबाजी की गई और अनावश्यक बातें कही गईं। इसके बाद वहां मौजूद कुछ एमबीबीएस छात्र और डॉक्टर आक्रोशित हो गए। आरोप है कि उनके द्वारा बाहर से आए छात्रों और नर्सिंग से जुड़े कुछ लोगों के साथ धक्का-मुक्की एवं अभद्रता की गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कर दिया है। फिलहाल दोनों पक्षों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के अनुरोध पर कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही, प्रिंसिपल की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है। बाहर से आए छात्रों से भी बातचीत की जा रही है, ताकि विवाद के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। एसपी सुरेश चन्द्र रावत ने कहा कि जिलाधिकारी जालौन की ओर से अपनी मांगों को लेकर रिप्रेजेंटेशन देने वाले छात्रों की काउंसलिंग भी कराई जा रही है। पूरे मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन मामले पर नजर बनाए हुए है।

— Pankaj Gupta

### सीओ शाहबाद देवकीनंदन ने किया थाना शाहबाद का त्रैमासिक निरीक्षण, चौकीदारों को बांटे गए कंबल, लाठी व धोती



सीओ शाहबाद देवकीनंदन ने किया थाना शाहबाद का त्रैमासिक निरीक्षण, चौकीदारों को बांटे गए कंबल, लाठी व धोती

शाहाबाद से राशिद अल्वी की रिपोर्ट

शाहबाद, रामपुर

देवकीनंदन ने थाना शाहबाद का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर में क्षेत्र के सभी ग्राम चौकीदारों को एकत्रित किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीओ देवकीनंदन ने चौकीदारों को ठंड से बचाव के लिए कंबल, सुरक्षा के लिए लाठी (डंडे) तथा दो-दो मर्दानी धोती का वितरण किया। साथ ही, उन्हें क्षेत्र की सूचना, अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों को संकलित करने के लिए प्रेरित किया गया।

रात्रि गश्त बढ़ाने और सतर्क रहने के निर्देश

सीओ ने सभी चौकीदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने गांवों में रात्रि गश्त बढ़ाएं, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और किसी भी छोटी-बड़ी घटना की सूचना तुरंत थाने को दें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गांव की सुरक्षा व्यवस्था में चौकीदारों की भूमिका सबसे अहम होती है।

बैठक में उपस्थित सभी चौकीदारों ने सीओ के इन निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर जय प्रकाश और उप निरीक्षक रोहित कुमार आदि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

— Rashid albi

स्थानीय

## वाराणसी के ‘Wings Over Ganges’ एयर शो में सराहनीय कार्य के लिए यातायात निरीक्षक वीर बहादुर सिंह सम्मानित।



उरई (जालौन)। वाराणसी के नमो घाट पर भारतीय वायुसेना दिवस की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भव्य ‘Wings Over Ganges’ एयर शो में उत्कृष्ट यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद जालौन के निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

गौरतलब है कि कमिश्नरेट वाराणसी में 22 से 25 अक्टूबर तक आयोजित इस एयर शो के दौरान निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह ने भीड़ नियंत्रण, यातायात नियमन एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने पूर्ण अनुशासन, परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आमजन को सुगम यातायात उपलब्ध कराया तथा त्रुटिरहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए निदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ श्री ए. सतीश गणेश द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दिनांक 18 नवंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने उक्त प्रशस्ति पत्र निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह को प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी लगन, मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस सम्मान से जनपद जालौन पुलिस का गौरव बढ़ा है।

— Pankaj Gupta

## माधौगढ़ विधानसभा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं पर हुई चर्चा




कोंच (जालौन)। कोंच स्थित अभिलाषा पैलेस, पड़री में आज माधौगढ़ विधानसभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सामूहिक प्रयास ही संगठन की असली ताकत है। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान, जिला प्रभारी भुवन प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित, विधानसभा प्रभारी जयेन्द्र सिंह एवं माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण तथा बड़ी संख्या में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

— Pankaj Gupta

स्थानीय

## UP-112 की समीक्षा बैठक में सख्त हुए पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत, PRV कर्मियों को दिए कड़े निर्देश



उरई (जालौन)। जनपद जालौन में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन उरई परिसर में UP-112 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने की। इस दौरान UP-112 प्रभारी सहित PRV वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बैठक में जनपद में संचालित समस्त PRV वाहनों के रिस्पॉन्स टाइम, प्राप्त होने वाली घटनाओं के निस्तारण, निर्धारित चेकिंग प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति तथा ड्यूटी के दौरान अनुशासन की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने निर्देश दिए कि सभी PRV कर्मी अपने निर्धारित चेकिंग प्वाइंट पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और बिना अनुमति के निर्धारित स्थान न छोड़ें। किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होने पर PRV तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। रिस्पॉन्स टाइम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने तथा पीड़ितों की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही PRV वाहनों की नियमित साफ-सफाई, आवश्यक उपकरणों की जांच तथा GPS और वायरलेस व्यवस्था को प्रतिदिन चेक करने के लिए भी निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि UP-112 आपातकालीन परिस्थितियों में जनता को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने वाली महत्वपूर्ण पुलिस सेवा है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और तत्परता से निर्वहन करें।

— Pankaj Gupta

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा: स्टंट ड्राइविंग और ओवरस्पीडिंग के खिलाफ चला चेकिंग अभियान, 30 वाहनों के चालान



झांसी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 नवंबर 2026 को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टंट ड्राइविंग और ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 30 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल वाहनों की फिटनेस और उनमें निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने की भी जांच की गई। जांच के दौरान मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए 06 स्कूली वाहनों के चालान किए गए। अभियान के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

— Pankaj Gupta

राजनीति

## कालपी में भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न, विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर हुआ मंथन



कालपी (जालौन)। कालपी स्थित श्याम पैलेस में आज भारतीय जनता पार्टी की कालपी विधानसभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पार्टी संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संगठनात्मक समन्वय को लेकर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला प्रभारी भुवन प्रकाश गुप्ता, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय त्रिपाठी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन एवं अरुण महरोत्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और आपसी समन्वय के साथ पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

— Pankaj Gupta

## वाराणसी में सार्वजनिक स्थल पर अभद्रता करने वाली 6 महिलाओं को गिरफ्तार




वाराणसी के सार्वजनिक स्थल पर पुरुषों के साथ अभद्रता और विवाद की घटनाएँ हुईं।

थाना सिगरा की मिशन शक्ति टीम ने 6 अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है।

समाचार स्रोत: DCP काशी जोन, वाराणसी।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

स्थानीय

## बदायूं के मिनी कुंभ मेला ककोड़ा में विधि-विधान से हुआ झंडी पूजन, 23 नवंबर से शुरू होगा मेला



बदायूं में रूहेलखंड के मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध मेला ककोड़ा में मंगलवार को धार्मिक परंपराओं के अनुसार झंडी पूजन किया गया। इस अवसर पर मां ककोड़ा देवी मंदिर से लाई गई झंडी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर उसकी स्थापना की गई। इस dip पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। झंडी पूजन के तत्पश्चात जिला स्तरीय अधिकारियों ने मेले को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु समीक्षा बैठक की। मेले का औपचारिक उद्घाटन 23 नवंबर को होगा, जबकि 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुख्य स्नान संपन्न होगा। यह मेला आगामी 1 दिसंबर तक चलेगा।

झंडी पूजन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेला ककोड़ा पहुंचकर धार्मिक लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि मेले में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को छह जोन में विभाजित किया गया है और यातायात के लिए अलग से जोन निर्धारित किया गया है। विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जबकि गंगा स्नान के लिए सुरक्षित क्षेत्र निर्धारित किया गया है जहां पुलिस एवं गोताखोरों की व्यवस्था रहेगी। झूलों की सुरक्षा जांच भी कराई गई है। महिला श्रद्धालुओं की सहायता के लिए मिशन शक्ति केंद्र तथा खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। मेला थाना एवं पुलिस चौकियों के माध्यम से 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त मोबाइल एंबुलेंस एवं मोबाइल फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्नान क्षेत्र में ही स्नान करने और किसी भी समस्या पर पुलिस एवं प्रशासन से संपर्क करने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। साफ-सफाई के लिए 24 घंटे सफाई कर्मियों की टीम तैनात रहेगी। पेयजल के लिए मोबाइल वाटर टैंकर, मोबाइल शौचालय एवं महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सुविधाओं के अंतर्गत 10 बेड का अस्थायी अस्पताल एवं लेबर रूम भी बनाया गया है। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा गंगा की पवित्र धारा में कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक न डालने की अपील की गई। मेला क्षेत्र एवं गंगा की स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

## वाराणसी में प्राणघातक हमले के दो अभियुक्तों को थाने सारनाथ ने गिरफ्तार किया



वाराणसी के सारनाथ थाने ने प्राणघातक हमला करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा किए गए विस्तृत जांच के बाद की गई।

गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, परन्तु पुलिस ने बताया कि वे इस अपराध से जुड़े थे और अब न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश किए जाएंगे।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है, जहाँ आगे की सुनवाई निर्धारित की जाएगी।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

स्थानीय

## बहराइच के विशेश्वरगंज में 10 दिनों से मकान के पीछे बैठा विशालकाय अजगर, वन विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों में दहशत



बहराइच। जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र में एक विशालकाय अजगर की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल है। बताया गया है कि यह अजगर पिछले करीब 10 दिनों से रेलवे क्रॉसिंग के बगल से निकलने वाले रास्ते पर स्थित छोटूकाऊ वर्मा के मकान के पीछे डेरा जमाए बैठा है। आबादी के इतने करीब इसकी उपस्थिति से स्थानीय लोगों में किसी अनहोनी की गंभीर आशंका बनी हुई है।

हैरानी की बात यह है कि स्थानीय निवासी ननकू मिस्त्री ने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी, लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक 10 दिन बीत जाने के बाद भी रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची है। वन विभाग की इस लापरवाही को लेकर क्षेत्र में काफी रोष है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर वन विभाग की टीम कब जागेगी और क्या किसी बड़ी घटना के बाद ही जिम्मेदार मौके पर पहुंचेंगे।

ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग तत्काल रेस्क्यू टीम भेजकर अजगर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए, ताकि किसी की जान जोखिम में न पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी के बीच बैठे इस विशालकाय सरीसृप से हर समय किसी दुर्घटना का खतरा बना रहता है, इसलिए प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

— Pramod Kumar

## लखीमपुर खीरी के गोला में नया ब्लड बैंक खुला, मरीजों को अब दूर के शहरों का चक्कर नहीं



लखीमपुर खीरी के छोटे काशी गोला में लखीमपुर रोड पर कीमत राय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया ब्लड बैंक स्थापित किया गया है। इस सुविधा के आरम्भ से क्षेत्र के रोगियों को खून की आवश्यकता पड़ने पर लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली और लखीमपुर जैसे दूरस्थ शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

गोला में लंबे समय से ब्लड बैंक की कमी के कारण आपातकालीन स्थितियों में रक्त उपलब्ध न होने से मरीजों और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब यह नई पहल स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगी।

नए ब्लड बैंक में रक्त के साथ-साथ प्लाज़्मा, पीआरपीसी और प्लेटलेट्स की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रक्त की कीमत लगभग 1,400 से 1,450 रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें सरकारी शुल्क पर 100 रुपये की छूट दी गई है।

रक्तदान के लिए 18 से 60 वर्ष आयु, 50 किलोग्राम से अधिक वजन और 12 g/dL से अधिक हीमोग्लोबिन वाले स्वस्थ व्यक्ति पात्र माने जाएंगे; अंतिम पात्रता चिकित्सकीय जांच के बाद तय होगी।

आयोजकों ने अधिक से अधिक रक्तदान करने का आह्वान किया है और कहा है कि रक्तदान महादान है जो जरूरतमंद की जान बचा सकता है। गोला वासियों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

— Vikas Shukla

सरकारी योजना

## जनगणना 2027: डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने किया स्व-गणना अभियान का शुभारंभ, 30 नवंबर तक घर बैठे दर्ज करें परिवार का विवरण




बलिया। जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जनपद बलिया में स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान का शुभारंभ हो गया है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आपदा विभाग के सभागार में अभियान की शुरुआत करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर जनगणना प्रक्रिया में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपने और परिवार के सभी सदस्यों का विवरण भर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य जनगणना की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी दी कि जनगणना के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। इससे पूर्व नागरिकों को 15 दिनों तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकें। ऐसे करें स्व-गणना - स्व-गणना के लिए नागरिकों को निर्धारित पोर्टल पर जाकर सबसे पहले राज्य और भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर मकान की जियो-टैगिंग करनी होगी और निर्धारित प्रश्नावली में मांगी गई जानकारी भरनी होगी। फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने के बाद नागरिकों को 'P' अक्षर से शुरू होने वाली स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि फॉर्म जमा करने के बाद प्राप्त स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखें, ताकि आगे की जनगणना प्रक्रिया के दौरान इसकी आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके।

धर्म

## कोंच में निकली श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा, विधायक मूलचंद्र निरंजन ने की सहभागिता



कोंच (जालौन)। नगर कोंच में आयोजित श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा में 219 विधानसभा कोंच-माधौगढ़ के विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सहभागिता कर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने इस पावन अवसर पर बाबा श्री खाटू श्याम जी से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि प्रभु श्री खाटू श्याम जी अपनी कृपा और आशीर्वाद सभी भक्तों पर सदैव बनाए रखें। विधायक ने इस धार्मिक एवं पवित्र आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

— Pankaj Gupta

राजनीति

## लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सरकारी आवास पर हुई शिष्टाचार भेंट




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई। इस शिष्टाचार भेंट को दोनों राज्यों के बीच आपसी संबंधों और समन्वय की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

— Pankaj Gupta, लखनऊ

स्थानीय

## बहेड़ी में केसर मिल की जमीन 41.05 करोड़ में हुई नीलाम, फिर भी किसानों के 151.67 करोड़ रुपये बकाया; आज किसानों द्वारा उपजिलाधिकारी बहेड़ी ज्ञापन देकर भुगतान की समय-सीमा तय करने की मांग



बहेड़ी में स्थित बंद पड़ी केसर शुगर मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान गंभीर मुद्दा बना हुआ है। मंगलवार, 17 नवंबर को मिल की कुर्क जमीन की नीलामी 41 करोड़ 5 लाख रुपये में पूरी हुई, जिसमें एएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर ने सबसे बड़ी बोली लगाकर जमीन हासिल की। हालांकि, इस नीलामी से किसानों को बकाया भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है, लेकिन उनके सामने अभी भी यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि उनका पूरा भुगतान कब होगा और मिल दोबारा कब चालू होगी।

लिमिटेड की ओर से पहले लगभग 11.33 करोड़ रुपये का आंशिक भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है, लेकिन करीब 151.67 करोड़ रुपये का बकाया अभी भी शेष है। बुधवार, 18 नवंबर 2026 को पीड़ित गन्ना किसानों ने उपजिलाधिकारी बहेड़ी के माध्यम से जिला गन्ना अधिकारी बरेली को ज्ञापन सौंपकर पेराई सत्र 2024-25 एवं 2025-26 का संपूर्ण बकाया गन्ना मूल्य ब्याज सहित दिलाने की मांग उठाई। किसानों ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि उन्होंने दोनों सत्रों में गन्ने की आपूर्ति की थी और तौल पर्चियां उनके पास सुरक्षित हैं।

लंबे समय से भुगतान न होने के कारण किसानों के सामने रोजी-रोटी, अगली फसल की बुवाई, खाद-बीज की खरीद, कर्ज की अदायगी और बच्चों की पढ़ाई जैसी गंभीर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। किसानों ने प्रशासन से दो प्रमुख मांगें उठाई हैं: पहली, कि पेराई सत्र 2024-25 एवं 2025-26 का शेष बकाया ब्याज सहित कब तक और किस प्रकार किसानों के खातों में भेजा जाएगा, इसकी स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए; और दूसरी, कि केसर शुगर मिल प्रबंधन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए किसानों का संपूर्ण भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन बकाया भुगतान की स्थिति स्पष्ट नहीं करता और उनका संपूर्ण गन्ना मूल्य नहीं दिलाया जाता है, तो सभी पीड़ित किसान बहेड़ी में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मांग को लेकर चौधरी विजेंद्र सिंह, इकबाल सिंह, चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह एडवोकेट, केंद्र पाल सिंह (पूर्व अध्यक्ष गन्ना समिति), तरसेम सिंह, ओमबीर राठी, अर्पित चौधरी, लखविंद्र सिंह, हरभगत सिंह, ब्रह्मस्वरूप सागर और सुरेंद्र सिंह बैनीवाल सहित अन्य किसान प्रतिनिधियों ने अपनी आवाज उठाई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी बरेली, पुलिस अधीक्षक बरेली और गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

— Jeetesh Singh, बरेली

अपराध

## रायबरेली में बाइक न देने की रंजिश में 16 लोगों ने परिवार पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया



रायबरेली के सलोन कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज गांव में एक परिवार पर 16 नामजद लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया। यह हमला तब हुआ जब परिवार को बाइक न देने की रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया।

पीड़ित के अनुसार, परिवार और बाइक देने वाले के बीच पहले से ही विवाद चल रहा था। इस विवाद के कारण ही 16 लोगों ने एकजुट होकर घर पर धावा बोलने का फैसला किया।

हमले के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, परंतु स्थानीय पुलिस ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। असंतुष्ट पीड़ित न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित ने बताया कि उसके पास घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं। उसने वीडियो के आधार पर निष्पक्ष जांच कराकर सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

वर्तमान में पीड़ित पुलिस अधीक्षक से न्याय और सुरक्षा की उम्मीद रखता है, जबकि पुलिस की जांच और कार्रवाई कब तक सामने आएगी, यह सवाल अभी भी खुला है।

— Nagendra Maurya

## वाराणसी में यातायात माह अभियान: सुबह-ए-बनारस क्लब ने बाइक सवारों को निशुल्क हेलमेट बाँटे



वाराणसी के मैदागिन चौराहे पर 18 नवंबर को सुबह-ए-बनारस क्लब ने यातायात माह के तहत बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को निशुल्क हेलमेट बाँटे और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाई।

संगठन के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सोनी और कोषाध्यक्ष नंदकुमार टोपी वाले के नेतृत्व में, प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह कोतवाली, कमिश्नरेट वाराणसी के सहयोग से, बिना हेलमेट पहने आने जाने वाले दर्जनों बाइक सवारों को रोका गया, उनके माथे पर तिलक लगाया गया और उन्हें हेलमेट पहनने की अपील की गई।

मुकेश जायसवाल ने कहा कि हेलमेट पहनना सुरक्षा के लिहाज़ से अनिवार्य है, न कि केवल चालान से बचने के लिए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सिर पर चोट लगने से अधिकांश मौतें होती हैं और हेलमेट जीवन रक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में मुकेश जायसवाल, राजेश सोनी, नंदकुमार टोपी वाले, गणेश सिंह, श्याम दास गुजराती, ललित गुजराती और बी.डी. टकसाली सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

यात्रा

## उत्तर प्रदेश के पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे पर शीतकालीन गति सीमा लागू, 15 फरवरी 2027 तक वाहनों की रफ्तार पर रहेगी पाबंदी




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सर्दी और घने कोहरे के मौसम को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेसवे पर शीतकालीन गति सीमा लागू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश यातायात निदेशालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह व्यवस्था 15 नवंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित निर्देशों के मुताबिक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक वाहनों को निर्धारित गति सीमा के भीतर ही चलना होगा। इसके तहत हल्के मोटर वाहन (कार) की अधिकतम गति सीमा 80 किलोमीटर प्रति घंटा, यात्री बसों की 60 किलोमीटर प्रति घंटा और मालवाहक वाहनों की अधिकतम गति सीमा 50 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। यह गति सीमा प्रदेश के पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे पर लागू की गई है। इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। यातायात निदेशालय ने वाहन चालकों से अपील की है कि सर्दी और कोहरे के दौरान विशेष सतर्कता बरतें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। सुरक्षित यात्रा के लिए वाहन चलाते समय उचित दूरी बनाए रखें और यातायात नियमों की अनदेखी न करें। प्रशासन का उद्देश्य शीतकालीन मौसम में सड़क हादसों की आशंका को कम करना और यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प।

— Pankaj Gupta, लखनऊ

## साइबर अपराधों पर सख्त हुए अपर पुलिस अधीक्षक, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



उरई (जालौन)। जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. ईशान सोनी ने पुलिस लाइन उरई स्थित सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में साइबर क्राइम सेल, जनपद के समस्त थानों के साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों पर संचालित साइबर हेल्प डेस्क के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने आम नागरिकों से प्राप्त होने वाली साइबर शिकायतों पर तत्काल रिस्पांस देने और मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act) एवं साइबर अपराधों से संबंधित लंबित विवेचनाओं का निरीक्षण करते हुए अर्दली रूम लिया गया। इस दौरान संबंधित विवेचकों को तकनीकी साक्ष्यों का समयबद्ध संकलन करने, विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ितों की मेहनत की कमाई बचाने पर विशेष जोर देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि शिकायत मिलते ही संदिग्ध बैंक खातों को तत्काल होल्ड अथवा फ्रीज कराया जाए। साथ ही राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से पीड़ितों की धनराशि की रिकवरी के प्रयासों में तेजी लाई जाए। अंत में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, एपीके फाइलों और ऑनलाइन प्रलोभनों से होने वाली ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करें। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए।

— Pankaj Gupta